# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 1362 /48(2026)/परीक्षा/2026–27 दिनांकः 30/जून/2026

## विज्ञप्ति

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों हेतु प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विज्ञापन संख्या–01/2022) के अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 03 व 04 जून, 2026 को सम्पन्न हुई प्रश्नगत पदों की लिखित परीक्षा का परिणाम आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। पदों की अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु 1.5 गुना सफल (Short Listed) अभ्यर्थियों के विषयवार/श्रेणीवार अनुक्रमांक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित हैं। उक्त अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग कार्यालय 23, एलनगंज, प्रयागराज में निम्न कार्यक्रमानुसार निर्धारित है :–

| S.No. | Date | Subject |
|---|---|---|
| 1 | 09.07.2026, बृहस्पतिवार | Sanskrit |
| 2 | 10.07.2026, शुक्रवार | Mathematics |
| 3 | 13.07.2026, सोमवार | Physical Education, Vocal Music, Agriculture, Urdu, Instrumental Music, Home Science, Commerce |
| 4 | 14.07.2026, मंगलवार | Hindi |
| 5 | 15.07.2026, बुधवार | Biology, Science, |
| 6 | 16.07.2026, बृहस्पतिवार | English |
| 7 | 17.07.2026, शुक्रवार | Social Science, Art |

2. अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग की आधिकारिक वेबसाइट/निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से अनिवार्य अर्हता एवं आरक्षण आदि से सम्बन्धित समस्त प्रमाणपत्र/अभिलेख अपलोड करने के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना, निर्देश एवं ऑनलाइन लिकं पृथक से प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
3. लिखित परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सफल अभ्यर्थियों की अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु 'ज्ञाप' आयोग की वेबसाइट पर **दिनांक 01.07.2026** से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड करने हेतु दिशा–निर्देश एवं अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in_पर प्रदर्शित है।
4. उपरोक्त शैक्षिक अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि पर यदि सम्बन्धित अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होता है तो उसके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।
5. उक्त अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के उपरान्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।

उपसचिव